**नागपंचमी** ▶ सपेरे लेकर आए नाग देवता की हुई घरों में पूजा, शहर में हुए विविध आयोजन

# नाग देवता को पिलाया दूध, निकले अखाड़ा जुलूस



**नवभारत, जबलपुर।** सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर नागपंचमी पर्व मनाया गया। भगवान शिव के गण माने जाने वाले नाग देवता की प्रत्येक घरों में पूजा की गई। जहां पर सपेरे घरों में नाग देवता लेकर पहुंचे, फिर सभी घर के सदस्यों ने नाग देवता को दूध पिलाकर विधि विधान से पूजन किया। इसके अलावा शहर के कई जगह पर अखाड़ों में भी श्री हनुमान जी की पूजा की गई, जहां से फिर पारंपरिक रूप से पहलवान और खलीफा लोगों द्वारा अखाड़े का भव्य जुलूस निकाला, जिसमे पहलवानों ने लाठी, डंडा, पटा- बनेटी के साथ प्रदर्शन किया।

## पानदरीबा गौरीशंकर मंदिर में नागपंचमी पर्व मनाया

चौरसिया समाज के लोगों ने नागपंचमी एवं चौरसिया दिवस के अवसर पर भगवान शिव के पूजन के साथ नाग देवता का पूजन भी किया। चौरसिया समाज के मीडिया प्रभारी अनिकेत चौरसिया ने बताया कि चौरसिया समाज के द्वारा नागपंचमी पर्व एवं चौरसिया दिवस के पावन अवसर पर पानदरीबा स्थित भगवान गौरी शंकर मंदिर ट्रस्ट में चौरसिया समाज, नवयुवक मंडल, महिला मंडल एवं पान व्यापारी संघ के सभी सदस्यों ने नाग देवता का पूजा पूजन-अर्चन,आरती, ध्वजारोहण के साथ ही प्रसाद वितरण किया गया।

अध्यक्ष प्रमोद चौरसिया कार्यक्रम संयोजक राजेश चौरसिया ने बताया कि चौरसिया समाज के पान कृषक नागपंचमी पर पान बरेजों में नागबेली अर्थात पान की पूजा विधि विधान से करते है और नाग देवता को अपना आराध्य मानते है।

## इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मघुसूदन मोदी, प्रकाश चौरसिया, अखिल चौरसिया, राजेश चौरसिया भाजपा, शिव कुमार चौरसिया, प्रकाश चौरसिया, राजू चौरसिया विश्व, जगदीश चौरसिया, भगवान चौरसिया, ऋषि चौरसिया, राजेश चौरसिया, राहुल चौरसिया, रीता चौरसिया, रेखा चौरसिया, मोहनी चौरसिया, देवेश्वरी चौरसिया, सुमन चौरसिया, सरिता चौरसिया आदि उपस्थित रहें।

### पहलवानों ने किया पटा- बनेटी का प्रदर्शन



श्रीराम प्रसाद उस्ताद मुल्तानी अखाड़ा नया मोहल्ला से जुलूस निकाला गया, जो विभिन्न मार्गो से होते हुए बजरंग बली के मंदिर नौदरा ब्रिज में समाप्त हुआ। अखाड़े के पहलवानों द्वारा पटा बनेटी का प्रदर्शन और आंखों से सुई उठाना, पेट पर तलवार रखकर, नारियल फोड़ना आंखों में चाकू से काजल लगाना जैसे हैरत अंगेज प्रदर्शन किए गए। जुलूस में खलीफा रमेश राजपूत , अमित यादव, अंशुल यादव, लकी राजपूत, संदीप यादव, अंबर जयसवाल, अमित राजपूत, हनी यादव, कपिल राजपूत, सिद्धांत पटेल, अखिल रजक, सागर,ऋषि चौरसिया, रोनिक, मोहित, राहुल आदि उपस्थित थे।

### हनुमान जी का पूजन कर निकला पारंपरिक अखाड़ा जुलूस



नागपंचमी के पावन अवसर पर दीक्षितपुरा स्थित रज्जू गुरु व्यायाम शाला में श्री हनुमान जी का पूजन अर्चन किया गया, जिसके बाद पारंपरिक रुप से अखाड़ा जुलूस भी निकाला। जिसमें अखाड़े के सभी पहलवानों ने लाठी, डंडा, मुगदार, पटा और बनेटी द्वारा आखाड़े का प्रर्दशन किया। इस अवसर पर बंटी साहू, विकास पटेल, धर्मेंद्र सराफ, सौरभ ठाकुर, राहुल पटेल, नमन पटेल, बासू पटेल, कपिल पटेल, मयंक पटेल, अमित जैन, सुमित जैन, अंकित पटेल, सजल साहू, अर्पण पटेल, देवांश चौरासिया, हर्ष साहू, मधुर साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कजरवारा में एक दिवसीय दंगल



स्व. ईश्वरदास रोहाणी, स्व. ठाकुर दास जोशेले की स्मृति में एक दिवसीय दंगल का आयोजन खेरमाई मैदान कजरवारा में दंगल सम्पन्न हुआ, जिसमें लगभग 40 जोड़े कुश्ती सम्पन्न हुई। जिसमें 10 महिला पहलवानों ने भी हिस्सा लिया, इसमें शहर के अनेंक अखाड़ों के पहलवान भारी वर्षा होने के बावजूद भी पहुँचें। इस अवसर पर अतिथि क्षेत्रिय पार्षद कृष्णा चौधरी, इण्डियन स्टाईल कुश्ती संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, विनय रोहाणी, यश रोहाणी, आयोजन समिति के अध्यक्ष मन्तो पहलवान, बजरंग बली की पूजन अर्चन कर कुश्तियों की शुरूआत की। विजयी पहलवानों को अतिथियों के द्वारा शील्ड, कप, नगद राशि से सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में विवेक जोशेले, पंकज चौधरी, संतलाल चौधरी, कुलदीप सिंह गिल, अरूण चंद्रवंशी का सराहनीय योगदान रहा।



# आराधना अपने रोगों को ठीक करने के लिए नहीं करना चाहिए

▶ आचार्यश्री विद्यासागर सभा भवन में आयोजित धर्मसभा

**जबलपुर।** आचार्यश्री विद्यासागर सभा भवन में आयोजित धर्मसभा में उपस्थित श्रावक श्राविकाओं को उपदेश देते हुए आचार्यश्री समयसागर महाराज ने कहा कि हमें भगवान की आराधना अपने रोगों को ठीक करने के लिए नहीं करना चाहिए। णमोकार मंत्र इसलिए नहीं पढ़ना चाहिए कि हमारे शरीर में कोई रोग हुआ है तो वह ठीक हो जाए, बल्कि मगवान की भक्ति तो भगवान जैसे गुणो की प्राप्ति के लिए किया जाता है।

दिगम्बर श्रमण (मुनि) परिग्रह का त्याग करता है उसके माध्यम से ही कर्मों का क्षय हो सकता है। साधु स्वाद के लिए भोजन नहीं करते वे इसलिए करते हैं कि शरीर के माध्यम से धर्म ध्यान हो सके। साधु शरीर के पोषण के लिए कभी आहार नहीं लेते, दिन में एक बार भोजन-पानी लेते हैं वह भी यदि विधी पूर्वक मिलता है तभी। चाहे कितनी भी गर्मी हो साधु को एक बार ही जल लेने का आज्ञा जैनागम में प्रदान की गई है। धर्म सभा के प्रारंभ में आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के तैल्य चित्र के समक्ष अशोक कुमार बाबूलाल जैन (नागपुर) एवं ओम शांति परिवार (थांदला) ने दीप प्रज्जवलित किया। आचार्यश्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य सुशील जैन,शशांक जैन को प्राप्त हुआ। धर्म समा का संचालन अमित पड़रिया ने किया।



# लवली लेडीज ग्रुप ने मनाया सावन पर्व

**जबलपुर।** लवली लेडीज ग्रुप का सावन सेलिब्रेशन हर्ष उल्लास,अपनेपन की सद्भावना के साथ नेचर विद लाइफ थीम पर आयोजित इस शानदार कार्यक्रम में सभी को सेव नेचर, सेव फ्यूचर का मैसेज भी दिया। संयोजक एडवोकेट यामिनी शुक्ला, श्वेता पांडे ने बताया कि कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाएं शामिल हुई, सभी ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दी।जिसमे फिल्मी गानों पर डांस हो या सिंगिंग या फिर कविताओं का पाठ सब में प्रकृति को शामिल किया गया। गेम्स के हिसाब से, गेम्स के साथ बहुत सा फन कार्यक्रम की चीफ गेस्ट समाजसेवी दीपमाला केसरवानी रही। इस दौरान हाउजी, तंबोला, चेयर रेस, अंताक्षरी, रस्सी कूद, जैसे गेम्स उत्साह पूर्वक खेले गए। विजेताओं को सरप्राइज गिफ्टस भेंट किये गए, वही बेस्ट मेकअप, बेस्ट साड़ी, बेस्ट परफॉर्मेंस, बेस्ट रैंप वॉक, सहित कई केटेगिरी में लेडिस को भी शानदार प्राइस दिए गए। इस दौरान अर्चना तिवारी, कीर्ति पांडे, स्वीटी शर्मा,सारिका अग्रवाल, कल्पना दुबे, निकिता साहू सहित अन्य महिलाओं का योगदान रहा।


आवश्यकता है
ऑफिस में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है:-
02 पद- (ऑफिस बॉय)
ऑफिस कार्य समय
1.सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक
2.शाम 4 से रात 10 बजे तक
संपर्क करें- नवभारत प्रेस, चौथापुल, शाहिल होण्डा शोरूम के पास, जबलपुर (म.प्र.)
मो.8305852507


## एक नजर में

### छोटी- छोटी बहनें सैनिक भाईयों को बांधेंगी राखी

**जबलपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्या भारती महाकौशल प्रांत की सरस्वती शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर की बहनों के सौजन्य से रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर रक्षा सूत्र सैनिकों के नाम कार्यक्रम का आयोजन आज 30 जुलाई 2025, प्रात: 11=15 बजे मालवीय चौक, जबलपुर में किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक डा सुधीर अग्रवाल ने बताया इस भावनात्मक व प्रेरणादायक आयोजन में बहनें अपने हाथों से बनी हुई स्वदेशी राखियाँ वीर सैनिकों को बांधेंगी, उनका आरती से स्वागत करेंगी एवं फूल वर्षा द्वारा उनके समर्पण और त्याग को नमन करेंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से होगा तथा समापन राष्ट्रगान 'जन गण मन' के साथ किया जाएगा।

### अनुभव ने जीता गोल्ड, रागनी को मिला चौथा स्थान

**जबलपुर।** स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा बोची नेशनल चैंपियनशिप बिलासपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित की गई, इसमें 22 राज्यों के



खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें प्रदेश के विशेष दिव्यांग खिलाड़ियों ने विभिन्न श्रेणियां में तीन गोल्ड मेडल दो कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। जिसमें विकलांग सेवा भारती जबलपुर के दिव्यांग छात्र अनुभव वासनिक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीता और मानसिक मंद छात्रा रागिनी पासी को चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए क्षेत्रीय निदेशक दीपांकर बैनर्जी,प्राचार्य नीतू चौधरी, राकेश शर्मा,सचिन प्रजापति,अशोक विश्वकर्मा ने बधाई और शुभकामनाएं दी।



### पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का दिया संदेश

**नवभारत,जबलपुर।** रेवा बीएड कॉलेज के बीएड थर्ड इंटर्नशिप के फर्स्ट बैच की छात्राओं द्वारा एकीकृत माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर में पौधरोपण अभियान चलाया गया और पर्यावरण सुरक्षित करने का संदेश दिया गया। इस दौरान छात्राओं ने स्कूल के शिक्षकों को पौधा भेंट कर उनका सम्मान भी किया और साथ ही स्कूली बच्चों को पर्यावरण में पौधों की आजकल कितनी महत्वता है इस बारे में विस्तार से समझाया।

## नशे के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों पर हुई चर्चा



**जबलपुर।** शासकीय पं. लज्जा शंकर झा उच्चतर माध्यमिक शाला में नवज्योति नशा मुक्ति केंद्र अवधपुरी द्वारा नशा मुक्ति परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित की गई। नशे से दूरी है जरूरी परिचर्चा में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और नशे के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों पर चर्चा की। कार्यक्रम समापन पर संस्था से हेमंत सोलंकी ने सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई । इस अवसर पर हेमंत सोलंकी, डॉ. सरकार, नीरज रजक, शासकीय पंडित लज्जा शंकर झा उच्च माध्यमिक शाला प्राचार्य श्रीमती उपमा गुप्ता, अशोक कुमार, विनीत जैन, अनंत रैकवार, कौशल किशोर, जीएस ठाकुर आदि की भूमिका रही।



# समीक्षा बैठक आयोजित

**दिव्यांगजन सुविधाओं, अधोसंरचनात्मक कार्य एवं सेफ्टी पर हुई प्रमुखता से चर्चा**

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में मंगलवार को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। बैठक में अधोसंरचना कार्य, सेफ्टी, पंक्चुवेलिटी, रेलगाड़ियों के संरक्षित एवं सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई। इसके साथ ही प्रमुखता से दिव्यांगजन के लिए रेल सुविधाओं, रेलवे स्टेशनों पर लिफ्ट एस्कलेटर, गुड्स शेड उन्नयन एवं अधोसरंचनात्मक कार्यों के अंतर्गत चल रहे फुट ओवर ब्रिज की समीक्षा जैसे अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने रेलगाड़ियों की पंक्चुअलिटी मॉनिटर करने, एवं ट्रेनों की स्पीड सबंधी कार्यों तथा सेफ्टी पर जोर देने की बात कही।

## समरसता क़ज़ालिया महोत्सव के लिए हुआ पात्र वितरण

**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन द्वारा चौरसिया दिवस (नाग पंचमी) के अवसर पर चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के रजिस्टार डॉ पुष्पराज बघेल के मुख्य आतिथ्य, देवश्वरी मोदी, नामदेव युवा विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव और नामदेव समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक नामदेव, वरिष्ठ समाजसेवी, प्रकाश चौरसिया के विशिष्टआतिथ्य, एवं समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव श्री उज्जवल पचौरी की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला, साकेत धाम के पास, ग्वारीघाट में किया गया। इस अवसर पर संस्कारधानी समरसता कजलियां महोत्सव हेतु पात्रों का वितरण भी किया गया। इन पात्रो में क़ज़ालिया का रोपण किया जायेगा जिसे सर्व समाज के लोग 10 अगस्त को हनुमानताल में आयोजित कजलिया महोत्सव में लेकर आएंगे।

# समस्याओं का निदान करना हमारी प्राथमिकता : सीई वर्मा

▶ मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र के साथ फेडरेशन की बैठक



**जबलपुर।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के जबलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता के. एल. वर्मा के साथ मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी कर्मचारी संघ फेडरेशन, जबलपुर के पदाधिकारियों की बैठक सकारात्मक रूप से सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हुई ।मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन, जबलपुर द्वारा नियमित कर्मचारियों, कंपनी केडर, संविदा कर्मियों, आउट सोर्स कर्मचारियों और पेंशनरों कि समस्याओं के जायज एवं नीतिगत मामलों पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ। दिए गए एजेंडे के संदर्भ में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता के.एल. वर्मा ने कहा कि फेडरेशन ने जो मांग पत्र प्रेषित किया है उस पर नियामा अनुसार सकारात्मक सोच के साथ त्वरित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक मुख्य अभियंता के एल वर्मा, अधीक्षण अभियंता ए. के.शर्मा , असिस्टेंट मैनेजर एच आर अंजलि परतें और अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।


नेशनल हॉस्पिटल
स्थान: 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S. C.S.M.A. E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग ● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगो का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेज़र द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतो में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

FIRST TIME IN INDIA
भारत में पहली बार एक मात्र आयुर्वेदिक सेंटर जहां पर ठीक होने के बाद पैसा देना पड़ता है
स्पर्श आयुर्वेदा रिसर्च
सुरक्षित आयुर्वेदिक उपचार
1013 नरसिंह बिल्डिंग अपना बाजार के सामने रानीताल चौक, जबलपुर
मो. नं. 8234092477, 9713951308, 9302791019
विशेष- एक दिन पहले नंबर लगाये।
उपलब्ध उपचार-
शुगर किडनी हार्ट ब्लाकेज सिरोसिस सफेद दाग लकवा माइग्रेन साईटिका घुटनों में दर्द एवं गेप सेक्स प्रॉब्लम (स्त्री/पुरूष) अस्थमा
IBS PCOD/PCOS FATTY LEVER CANCER

प्रवेश सूचना प्रवेश सूचना प्रवेश सूचना
रेवा बी.एड. कॉलेज (कॉलेज कोड-2174)
NCTE उच्च शिक्षा विभाग व रानी दुर्गावती वि.वि. से मान्यता प्राप्त
* ऑनलाईन पंजीयन/आवेदन -15/07/2025 से 18/07/2025 *आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल्यदस्तावेजों टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यान हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट करना-23/07/2025 से 25/07/2025 * आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान प्रारंभ करना आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि (प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा)- 23/07/2025 से 26/07/2025
साँई डी.एड. कॉलेज
(कॉलेज कोड-71209)
माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मान्यता प्राप्त
67, महाकौशल नगर, अधारताल, जबलपुर
मो. 9425868370, 9407183087

(नर्सरी से बारहवीं तक) हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम
होली लाईट चिन्ड्रन्स ऐकेडमी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारम्भ
Holy Light Children's Academy Higher Secondary School
स्थापना- 1992 डाईस कोड- 23390231102 पंजी.क्र. JJ1162 संस्था कोड- 712304
नोट- गरीबी रेखा कार्ड धारकों को फीस की विशेष सुविधा
अभिभावकों को मोबाईल एप द्वारा विद्यालय की समस्त जानकारी लाईव ● अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन, स्वस्थ शिक्षा वातावरण ● खेलकूद के लिये मैदान व शाला भवन की स्थाई ईमारत ● विशिष्ट शिक्षण विधियों द्वारा अध्यापन, नैतिक एवं पारम्परिक संस्कारों एवं आधुनिक ● विचारों से सुसज्जित शिक्षा ● पेंटिग, ड्राईग, योग कक्षा, जूडों का विशेष प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था ● पिकनिक, आनंद मेला, वार्षिकोत्सव व क्राफ्ट प्रदर्शनी का प्रत्येक वर्ष आयोजन
1250/1, Jai Prakash Nagar, Adhartal, Jabalpur (MP) 482004 Mob: 9301646302, 9407059444


**कार्यक्रम** ▶ स्वर्ण सरोवर गीतमाला द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम

# मधुर गीतों के बीच महिलाओं ने मनाई हरियाली तीज



**जबलपुर, नवभारत।** स्वर्ण सरोवर गीतमाला कार्यक्रम का आयोजन दत्त मंदिर गोलबाजार में किया गया। जिसमे ग्रुप के संयोजक डॉ. पुरुषोत्तम सराफ द्वारा सबसे पहले आया सावन झूम के, रिमझिम के गीत सावन गाये, बागों मे बहार आई, टिप टिप बरसा पानी जैसे गीतों की प्रस्तुति कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसके बाद सीता द्वारा अबके बरस सावन में गीत गाकर बरसते पानी मे दर्शकों को आकर्षित किया और खचाखच भरे हाल मे दर्शकों ने गीतों का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम मे गायिकाओ ने हरियाली तीज पर्व भी मनाया वे पूर्ण श्रंगार के साथ हरे परिधान पर आई थीं। उनमे प्रिन्सी समैया को प्रथम रूमा बेनर्जी को द्वितीय और पूर्व पार्षद बलविंदर मान को तृतीय एवं रंजना गुप्ता और मंजू चतुर्वेदी को सान्त्वना पुरस्कार से ग्रुप की वरिष्ठ कलाकार सीता, डा. पुरुषोत्तम सराफ, डा. अनिल वाजपेई, हरिशंकर दुबे, राजेश पाठक प्रवीण द्वारा सम्मानित किया गया। सभी गायकों ने शानदार प्रस्तुति देकर श्रोतागणों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### इनका कहना है



स्वर्ण सरोवर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियां दी मैंने रिमझिम के गीत गए सावन जैसा मधुर गीत दर्शकों को सुनाया।

**डॉ. पुरुषोत्तम सराफ**



हम सभी महिलाओं ने हरियाली तीज भी इस कार्यक्रम के दौरान धूमधाम से मनाया। हम सभी महिलाएं हरे रंग के परिधान में कार्यक्रम में उपस्थित हुई थी।

**रंजना गुप्ता**



किसी कार्यक्रम में अगर हरियाली तीज और मधुर गीतों का संगम हो जाए तो क्या ही बात है हमने यह कार्यक्रम बहुत ही इंजॉय किया।

**लता बक्शी**